## सार-समाचार

### साहित्य भवन में गूंजे देशभक्ति के स्वर

**जोधपुर**, (कासं)। "तेरे सपने जिस दिन हलधर पूरे होंगे, आज़ादी के उस दिन अक्षर पूरे होंगे" - इन पंक्तियों के साथ शुरू हुए कार्यक्रम एक शाम देश की आज़ादी के नाम में देशभक्ति के रंग पूरी शाम छाए रहे। अध्याय मंच के बैनर तले डॉ. मदन सावित्री डागा साहित्य भवन में आयोजित इस कार्यक्रम में जोधपुर शहर और आस-पास के ग्रामीण क्षेत्रों से आए युवा, नन्हें और वरिष्ठ रचनाकारों ने देशप्रेम से ओतप्रोत रचनाओं से माहौल को जोश और उमंग से भर दिया। कार्यक्रम संयोजक चंचल चौधरी ने बताया कि इस अवसर पर वरिष्ठ साहित्यकार दिनेश सिंदल, रेणु वर्मा, खुर्शीद खैराड़ी, डॉ. सूरज माहेश्वरी, दशरथ कुमार सोलंकी, मनशाह नायक, अशफ़ाक फौजदार, छगन राज राव, दीपा राव, प्रमोद वैष्णव, नीलम व्यास, निधि व्यास, निशा व्यास, अनामिका शर्मा, तृप्ति गोस्वामी, डॉ. गीता व्यास और दिलीप राव ने प्रभावशाली रचनाएं सुनाईं। युवा रचनाकारों में सुरभि खीची, दिनेश बिश्नोई, स्वाति पुरोहित, डॉ. खुशबू, कुंतल हर्ष, संतोष कुमार, महिपाल चारण, पूनाराम फनकार, संजीदा खानम, गोरधन सुथार, रिंकल जैन, डॉ. पूजा राजपुरोहित और नन्हें कवि वर्चस्व मिश्रा ने काव्यपाठ कर श्रोताओं से भरपूर सराहना पाई। वहीं, नन्हें ईशान चौधरी ने देशभक्ति गीत प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया। कार्यक्रम का संचालन युवा शायर अरमान जोधपुरी ने किया। समापन पर अध्याय संस्थापक कल्याण के विश्नोई ने सभी का आभार जताते हुए 79वें स्वतंत्रता दिवस की अठिाम शुभकामनाएं दीं।

### जोधपुर में गुमशुदगी के आठ मामले

**जोधपुर**, (कासं)। जोधपुर शहर में इन दिनों गुमशुदगी के मामले बढ़ रहे है। मंगलवार को भी 8 नए मामले सामने आए। प्राप्त जानकारी के अनुसार कमिश्नरेट के अलग-अलग थानों में इसको लेकर रिपोर्ट दी गई है। ईस्ट में तीन गुमशुदगी के मामले सामने आए। पहला मामला मथानिया थाने में एक व्यक्ति ने दर्ज करवाया। रिपोर्ट में बताया कि उसकी पत्नी बच्चों के साथ घर से बिना बताए चली गई। दूसरा मामला माता का थान थाने का है। एक व्यक्ति ने रिपोर्ट दर्ज करवाई कि उसकी 20 साल की बेटी 18 अगस्त को घर से बिना बताए निकल गई। तीसरा मामला महामंदिर थाने में एक व्यक्ति ने दर्ज करवाया। बताया कि उनकी 20 साल की साली महामंदिर इलाके से बिना बताए कहीं निकल गई। ईस्ट में पांच मामले सामने आए है। सूरसागर थाने में एक व्यक्ति ने रिपोर्ट दर्ज करवाकर बताया कि उनकी बेटी घर से बिना बताए 18 अगस्त की दोपहर 2 बजे निकल गई, जिसका कहीं कोई सुराग नहीं लगा। देव नगर थाने में एक व्यक्ति ने रिपोर्ट दी। बताया कि उसका भाई घर से निकल गया जो वापस नहीं लौटा। सरदारपुरा थाने में 45 साल के व्यक्ति ने रिपोर्ट दी। बताया कि उनकी 20 साल की बेटी 18 अगस्त को एक स्कूल में पढ़ने के लिए बोलकर घर से निकली थी लेकिन वापस नहीं लौटी। वहीं मथुरादास माथुर अस्पताल में एडमिट मानसिक रूप से कमजोर युवक अस्पताल से बिना बताए निकल गया। इसके अलावा 19 वर्षीय युवती के घर से निकलने को लेकर भी रिपोर्ट दी गई।

### किसानों ने रास्तों की सफाई की

**रेवदर**, (निसं)। ग्राम सोनानी के किसानों ने आज अपने खेतों तक जाने वाले मुख्य रास्तों की साफ-सफाई व मरम्मत का कार्य स्वयं करके प्रशासन और ग्राम पंचायत की घोर लापरवाही को उजागर किया। ग्रामीणों का कहना है कि पिछले कई महीनों से रास्तों की बदहाली के बारे में पंचायत व प्रशासन को बार-बार अवगत करवाया गया, लेकिन न तो सुनवाई हुई और न ही कोई ठोस कार्यवाही की गई। किसानों के लिए यह रास्ता जीवनरेखा है, क्योंकि इन्हीं रास्तों से वे अपने खेतों तक पहुँचते हैं और फसलों की आवाजाही करते हैं। जनप्रतिनिधियों और प्रशासन की उदासीनता से क्षुब्ध होकर आज ग्रामीणों ने सामूहिक निर्णय लेते हुए स्वयं श्रमदान कर रास्तों की सफाई और मरम्मत की। इस अवसर पर किसानों ने कहा कि जब पंचायत और प्रशासन अपनी जिम्मेदारी निभाने में विफल हो जाता है, तब हमें मजबूर होकर अपने अधिकारों और जरूरतों के लिए खुद ही आगे आना पडता है। ग्रामीणों ने यह भी चेतावनी दी कि यदि प्रशासन इसी तरह लापरवाह रवैया अपनाता रहा तो वे व्यापक आंदोलन के लिए बाध्य होंगे। यह घटना स्पष्ट रूप से दर्शाती है कि ग्राम पंचायत और स्थानीय प्रशासन जनता की बुनियादी समस्याओं को हल करने में पूरी तरह नाकाम साबित हो रहा है।

### 8.60 लाख की एम.डी. ड्रग सहित पकड़ा

**जोधपुर**, (कासं)। शहर की कुड़ी भगतासनी पुलिस ने नाकाबंदी एवं गश्त के समय संदिग्ध शख्स को पकड़ा। उसके पास तलाशी में 43.3 ग्राम एमडी ड्रग बरामद हुई। जिस पर उसे एनडीपीएस एक्ट में गिरफ्तार किया गया। बरामद एमडी की बाजार अनुमानित कीमत आठ लाख साठ हजार रूपए है। थानाधिकारी हमीर सिंह ने बताया कि पुलिस की तरफ से चले रहे एरिया डेमिनेशन के तहत नाकाबंदी एवं गश्त की जा रही थी। तब एक संदिग्ध शख्स नजर आने पर तलाशी ली गई। उसके पास में 43.3 ग्राम एमडी ड्रग मिली। पूछताछ में शख्स ने अपना नाम श्याम विश्रोई पुत्र लक्ष्मणराम विश्रोई निवासी पाली के रोहिट थानान्तर्गत सावलता कलां होना बताया। उसे एनडीपीएस एक्ट में गिरफ्तार किया गया। बरामद की गई एमडी की कीमत 8.60 लाख रूपए है।

### राजीव गांधी की जयंती आज

**जालोर**, (कासं)। जिला कांग्रेस कमेटी,जालोर की और से 20 अगस्त को भारत के संचार क्रान्ति जनक,आधुनिक युग के निर्माता, पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्व.राजीव गांधी की 81 वी जयंती सद्भावना- दिवस के अवसर पर पुष्पांजलि सभा का आयोजन जिलाध्यक्ष भवरलाल मेघवाल के नेतृत्व में राजीव गांधी भवन जालोर में रखा गया है। जिला प्रवक्ता योगेंद्र सिंह कुम्पावत ने बताया कि उक्त कार्य म में समस्त विधायकगण,विधायक प्रत्याशीगण,पूर्व विधायक,प्रदेश पदाधिकारीगण,वरिष्ठ कांग्रेसजन,जिला कांग्रेस के पदाधिकारीगण, ब्लॉक अध्यक्षगण,मंडल अध्यक्षगण,पंचायती राज एवं स्थानीय निकायों के निर्वाचित प्रतिनिधि एवं प्रत्याशी,अग्रिम संगठनों एवं प्रकोष्ठों के पदाधिकारी,ब्लॉक एवं मण्डलों के वर्तमान एवं पूर्व पदाधिकारीगणों सहित तमाम कांग्रेसजन उपस्थित रहेंगे।

### मदन दिलावर कल जालोर दौरे पर

**जालोर**, (का.सं.)। राज्य के शिक्षा एवं पंचायतीराज मंत्री मदन दिलावर 21 अगस्त को जालोर जिले के दौरे पर रहेंगे। प्राप्त कार्यक्रमानुसार राज्य के शिक्षा (विद्यालयी/संस्कृत) एवं पंचायतीराज विभाग मंत्री मदन दिलावर 20 अगस्त को रात्रि 8 बजे जयपुर से प्रस्थान कर 21 अगस्त, गुरूवार को प्रातः 3 बजे जालोर पहुँचेंगे तथा प्रातः 10 बजे सिवणा रायपुरिया सर्कल पर निर्मित स्वामी विवेकानन्दजी की प्रतिमा के अनावरण, कक्षा-कक्षों का उद्घाटन व नवीनीकृत खेल मैदान का लोकार्पण करेंगे। वे रात्रि 8 बजे जालोर से कुंभलगढ़ (राजसमंद) के लिए प्रस्थान करेंगे।

### जातरू की कार के कांच फोड़े

**जोधपुर**, (कासं)। शहर में देर रात मसूरिया स्थित बाबा रामदेव मंदिर के बाहर एक जातरू की कार को अज्ञात शख्स ने नुकसान पहुंचाया और कांच फोड़ डाले। किसी बदमाश द्वारा नशे में कार पर पत्थर मारा गया। हालांकि इस बारे में रिपोर्ट नहीं हुई है। जातरू राजस्थान के बाहर का रहने वाला है। जानकारी के अनुसार गुजरात से आए एक जातरू की कार का रात में मसूरिया स्थित बाबा रामदेव मंदिर के बाहर काचं फोड़ दिया गया। बदमाश ने नशे में आकर कार का कांच फोड़ा था। देवनगर पुलिस ने मौके पर पहुंच एक शख्स को पकड़ा।

### कचरे के ढेर में मिला मानव भ्रूण

**जोधपुर**, (कासं)। शहर के सूरसागर स्थित मावडिय़ों की घाटी में कचरे के ढेर में मानव भ्रूण मिला। सूचना पर पुलिस ने उसे बरामद कर अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया। अज्ञात शख्स के खिलाफ केस दर्ज किया गया। भ्रूण कन्या का होना प्रतीत हुआ है। सूरसागर पुलिस ने बताया कि मावडिय़ों की घाटी क्षेत्र में कचरे में मानव भूरण पड़ा होने की जानकारी मिली। जिस पर पुलिस वहां पहुंची। श्वान भ्रूण को नोंच रहे थे। बाद में उसे बरामद कर अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया गया। किसी शख्स द्वारा उसे कचरे में डाला गया है। एएसआई श्रीराम ने रिपोर्ट दर्ज कराई।

### डॉ. प्रतिभा सिंह की जनसुनवाई आज

**जालोर**, (का.सं.)। संभागीय आयुक्त जोधपुर डॉ. प्रतिभा सिंह 21 अगस्त को प्रातः 11 बजे कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्तरीय जनसुनवाई करेंगी । साथ ही जिला स्तरीय अधिकारियों के साथ बैठक कर बजट घोषणाओं एवं विभागीय योजनाओं की समीक्षा करेंगी। यह जानकारी जिला कलैक्टर डॉ. प्रदीप के. गावंडे ने दी।

# जालोर में गणेश भक्त मंडल सेवा समिति ने तैयारी शुरू की

**जालोर**, (कासं)। जालोर शहर के पुरा मोहल्ला में गणेश चतुर्थी महोत्सव एवं श्रीमद भागवत कथा को लेकर गणेश भक्त मंडल सेवा समिति ने तैयारियां शुरू की। आठ दिवसीय कार्यक्रम को लेकर तरुण त्रिवेदी की अध्यक्षता में मंगलवार को मीटिंग का आयोजन पूरा मोहल्ला सूरज पोल के अंदर जालोर में किया गया।

आयोजन समिति के नंदू भाई सोनी ने बताया कि ये आयोजन कई वर्षों से बड़े धूमधाम से इस आयोजन को पूरा मोहल्ला में आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम को लेकर सर्व प्रथम सभी सदस्यों की मौजूदगी में कार्यकारिणी की घोषणा की गई, जिसमें सभी की सहमति से समिति के अध्यक्ष तरुण त्रिवेदी, उपाध्यक्ष रमन सोनी, सह उपाध्यक्ष राकेश सोनी, सचि नंदू भाई सोनी एवं कैलाश सुथार, कोषाध्यक्ष संदीप खत्री एवं मोंटू सोनी, मीडिया प्रभारी नितेश भटनागर, विधि सलाहकर जोगेश कुमार ओझा, सांस्कृतिक प्रभारी लक्षमण प्रजापत, मेहुल रामावत, पंकज सोनी, विक्की सोनी, अनिल सोनी को बनाया गया। व्यवस्थापक जितेंद्र दवे, मुकेश चौहान, मुकेश जोधवानी एवं कैलाश सुथार, भावेश सोनी, हितेश सोनी संरक्षक मदन दवे, छगन सोनी, हितेश सोनी, सुमित सोनी एवं समस्त सदस्य मौजूद रहे।



जालोर के पुरा मोहल्ला में गणेश चतुर्थी महोत्सव को लेकर तैयारियां शुरू हो गई। फोटो-राष्ट्रदूत

अध्यक्ष तरुण त्रिवेदी ने बताया कि हर वर्ष की भाँति इस वर्ष भी (पूरा मोहल्ला के राजा) गणेश चतुर्थी महाउत्सव का आयोजन हर्षोल्लास एवं ढोल-नगाडों-डीजे के साथ किया जा रहा है । जिसमे समस्त पदाधिकारी बढ चढकर हिस्सा लेंगे। यह आयोजन आठ दिवसीय रहेगा। 27 अगस्त से प्रारंभ होकर 3 सितंबर तक समापन होगा। यह कार्यक्रम जालोर शहर का सबसे बडा उत्सव पूरा मोहल्ला, जालोर में मनाया जाता है।

कार्यक्रम के मुख्य आयोजनों में भामाशाह द्वारा कई चढावें भी लिए गए। 27 अगस्त से 3 सितंबर तक धूम धाम से ढोल-नगाड़ों के साथ पूरा मोहल्ला के राजा गणपति बप्पा को 27 अगस्त को प्रातः 6.19 बजे से 9.29 बजे तक विराजमान किया जाएगा।

श्रीमद भागवत कथा दोपहर 12 बजे बालिकाओं द्वारा कलश यात्रा के साथ आयोजन किया जाएगा, जिसमे कथा वाचन (भारती किशोरी, वृन्दावन धाम) द्वारा कथा वाचन किया जाएगा। भागवत कथा सात दिवस वैधनाथ महादेव मंदिर प्रांगण में रहेगी समय दोपहर 2 बजे से सांय 5 बजे तक।

कार्यक्रम में प्रत्येक दिवस अलग अलग गणपति जी, खाटूश्यामजी का भव्य श्रंगार, एवं महाआरती एवं भजन संध्या होगी। मीडिया प्रभारी नितेश भटनागर ने बताया कि सात दिवस कार्यक्रम में मुख्य आयोजन इस प्रकार रहेंगे। प्रथम दिवस 27 अगस्त बुधवार को गणेश मूर्ति स्थापना एवं खाटूश्याम दरबार दर्शन, द्वितीय दिवस 28 अगस्त गुरुवार को लोक माता अहिल्या बाई होलकर प्रस्तुति, तृतीय दिवस 29 अगस्त को मूकबधिर एवं नेत्रहीन बच्चो के लिए भोजन प्रसादी एवं मंगल जादूगर शो, चतुर्थ दिवस 30 अगस्त को संगीतमय सुंदरकांड पाठ, पंचम दिवस 31 अगस्त को महाआरती, अन्नकूट प्रसादी एवं भजन संध्या (पिंकी गेहलोत एंड पार्टी, अजमेर), षष्टम दिवस 1 सितंबर सोमवार को विशाल भजन संध्या (महावीर सांखला,दिव्या वैष्णव, कुणाल राज एंड पार्टी दिल्ली), जिसमे कलाकार अपनी शानदार वाणी से मधुर भजनों के साथ अपनी प्रस्तुति देंगे, सप्तम दिवस 2 सितंबर को सांस्कृतिक आयोजन एवं 251 दीपों से महाआरती एवं महाप्रसादी, अष्ठम दिवस 3 सितंबर प्रातः 8 बजे विशाल शोभायात्रा एवं वरघोडा के साथ गणेश उत्तापन पूजा एवं विसर्जन जिसमे झांकियों के रूप में हाथी, घोड़ा, ऊंट, साधु संतों के रथ, नासिक ढोल, बैंड, डीजे, रामु राजस्थानी एंड पार्टी (सिरसा हरियाणा), बच्चों के मनोरंजन के लिए आकर्षक झांकियां, महिलाओं और बच्चों के बैठने के लिए ट्रेकर व्यवस्था रहेगी। सात दिवसीय कार्यक्रम में प्रातः कालीन आरती का समय 10 बजे रहेगा एवं सांय कालीन आरती का समय 8 बजे रहेगा। पदाधिकारी बैठक में मौजूद रहे। कार्यक्रम पुरा मोहल्ला एवं वैधनाथ महादेव प्रांगण में होंगे।

## राष्ट्रीय पुरस्कार 'साहित्यश्री' से सम्मानित होंगी डॉ. पद्मजा शर्मा

**जोधपुर**, (का.सं.)। राष्ट्रभाषा हिन्दी प्रचार समिति डूंगरगढ़ द्वारा 2025 के पुरस्कारों की घोषणा हुई।

राष्ट्रभाषा हिन्दी प्रचार समिति, श्रीडूंगरगढ़ ने हिन्दी सृजन को लेकर दिए जाने वाले राष्ट्रीय पुरस्कारों की घोषणा कर दी है। संस्थाध्यक्ष श्याम महर्षि और उपाध्यक्ष डॉ. मदन सैनी के अनुसार वर्ष 2025 का संस्था का सर्वोच्च व प्रतिष्ठित मलाराम माली स्मृति साहित्यश्री सम्मान जोधपुर की प्रख्यात साहित्यकार डॉ. पद्मजा शर्मा को उनके समग्र साहित्यिक अवदान के लिए प्रदान किया जाएगा। संगीता सेठी, देवेन्द्र मिश्रा, नागेश पाण्डेय, कुमार सुरेश और विश्वनाथ तंवर भी पुरस्कृत किए जाएंगे।

घोषित पुरस्कारों की जानकारी साझा करते हुए संस्था के मंत्री और पुरस्कार समिति के संयोजक रवि पुरोहित ने बताया कि इस बार देश-भर के दस से अधिक राज्यों से प्रविष्टियां व प्रस्ताव प्राप्त हुए। आयोजन समन्वयक महावीर माली ने बताया कि सभी पुरस्कार 14 सितम्बर, 2025 को श्रीडूंगरगढ में संस्था द्वारा आयोज्य भव्य समारोह में अर्पित किये जायेंगे।

संस्था के कोषाध्यक्ष रामचन्द्र राठी के अनुसार मलाराम माली स्मृति साहित्यश्री सम्मान के रूप में डॉ पद्मजा शर्मा को 21 हजार रुपए नगद तथा सम्मान-पत्र, स्मृति-चिह्न, शॉल आदि अर्पित किए जायेंगे।



साहित्यकार डॉ. पद्मजा शर्मा

डॉ पद्मजा शर्मा की विभिन्न विधाओं में अब तक 37 कृतियाँ प्रकाशित हो चुकी हैं ।आप कविता ,शब्दचित्र , कहानी, डायरी , निबंध ,लघु कथा लिखने के साथ ही समीक्षा , सम्पादन और बाल साहित्य लेखन भी करती हैं । आप कॉलम राइटिंग करती रही हैं ।अनेक साहित्यिक आयोजनों में आप अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अमेरिका ,जापान और दुबई जा चुकी हैं । अनेक विश्वविद्यालयों में कविता ,लघु कथाएं पढ़ाई जा रही है।

## सिंधी समाज 501 किलो मोदक बनवाने में जुटा



पाली शहर के हाऊसिंग बोर्ड स्थित झूलेलाल मंदिर में सिंधी समाज की बैठव हुई। फोटो-राष्ट्रदूत

**पाली**, (नि.सं.)। पाली शहर के हाऊसिंग बोर्ड स्थित झूलेलाल मंदिर में गणेश चतुर्थी को लेकर सिंधी समाज की बैठक आयोजित हुई।

समाज के सुशील मूलचंदानी ने बताया कि गणेश चतुर्थी महोत्सव के अवसर पर सिंधी समाज द्वारा शुद्ध देशी घी और ड्राई फ्रूट्स से 501 किलो लडडू ओर मोदक प्रसाद बनाए जा रहे हैं। पाली शहर के मुख्य स्थानों पर कूपन काउंटर बनाए गए हैं। प्रसाद झूलेलाल मंदिर हाऊसिंग बोर्ड एवं झूलेलाल मंदिर सिन्धी कॉलोनी में वितरण किया जाएगा। बैठक में विभिन्न व्यवस्थाओं को लेकर अलग अलग टीमें बनाकर कार्यभार सौंपा गया।

बैठक में नरेश गुरनानी, हरीश आसनानी,मुकेश आडवाणी, रवि केशनानी, कुलदीप चंदनानी, गुलाब लौहानी, अशोक चंदनानी, संजय मोहनानी, ललित नावाणी, रमेश वरनानी, रमेश सोनी, दीपक चावलानी, राजू नावाणी, किशोर रामचन्दानी सहित कई समाज बंधु उपस्थित रहे।

## ग्राम विकास अधिकारी रिश्वत लेते रंगे पकड़ा

**जोधपुर**, (कासं)। फलोदी जिले में भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो ने बड़ी कार्रवाई करते हुए एक ग्राम विकास अधिकारी को रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। आरोपी रामेश्वरलाल पुनासर खुर्द तहसील बापिणी जिला फलोदी में ग्राम विकास अधिकारी पद पर कार्यरत था।

एसीबी की अतिरिक्त महानिदेशक स्मिता श्रीवास्तव के अनुसार, ब्यूरो को शिकायत मिली थी। इसमें बताया गया कि रामेश्वरलाल प्रधानमंत्री आवास योजना की दूसरी और तीसरी किश्त जारी करने के लिए 10 हजार रुपए की रिश्वत मांग रहा था।

शिकायत के बाद एसीबी ने कार्रवाई की योजना बनाई। उप महानिरीक्षक भुवन भूषण यादव के निरीक्षण में टीम ने जाल बिछाया। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक चक्रवर्ती सिंह राठौड़ और उप अधीक्षक किशन सिंह चारण के नेतृत्व में टीम ने आरोपी को 4 हजार रुपए लेते गिरफ्तार किया।

जांच में पता चला कि आरोपी पहले ही 6 हजार रुपए ले चुका था। इसमें 4 हजार रुपए मांग सत्यापन के दौरान और 2 हजार रुपए उससे पहले लिए गए थे।

## नेत्र महाकुंभ में गूंजे राष्ट्रभक्ति के स्वर

**पोकरण/रामदेवरा**, (निसं)। तीर्थनगरी रामदेवरा में आयोजित नेत्रकुम्भ परिसर की विशाल भजन संध्या में जब सुप्रसिद्ध राष्ट्रवादी भजन गायक प्रकाश माली ने अपनी सुरीली आवाज में राष्ट्रभक्ति और भक्तिरस से ओतप्रोत भजनों की प्रस्तुति दी, तो पूरा वातावरण भावविभोर हो उठा। देर रात तक जनसमूह झूमता रहा और कार्यक्रम स्थल तालियों की गड़गड़ाहट से गूंजता रहा। सुंधा माता मंदिर ट्रस्ट, भीनमाल-जालौर ने 31 लाख रुपये की सहयोग राशि देने की घोषणा की। साथ ही अन्य भामाशाहों ने भी नेत्रकुम्भ सेवा कार्य को मजबूत आधार प्रदान किया। बाबा रामदेव मंदिर परिसर के समीप श्रद्धालुओं की सुविधा हेतु विशेष आई चेक-अप सेंटर स्थापित किया गया, जहाँ प्रतिदिन आने वाले श्रद्धालुओं की निःशुल्क आँखों की जाँच की जा रही है। आज कुल 127 श्रद्धालुओं की जाँच इस सेंटर पर की गई।

सीएमएचओ जैसलमेर डॉ. राजेंद्र पालीवाल एवं नेत्रकुम्भ के मुख्य चिकित्सा विशेषज्ञ डॉ. देवेश जौहरी की अध्यक्षता में बैठक आयोजित हुई। इसमें आंगनबाडी व आशा कार्यकर्ताओं को निर्देश दिए गए कि वे अपने-अपने क्षेत्रों से बच्चों व बुजुर्गों को शिविर में लाएँ ताकि अधिक से अधिक लोग निःशुल्क नेत्र सेवाओं से लाभान्वित हो सकें। नेत्रकुम्भ परिसर में कई अतिथियों ने पहुँचकर व्यवस्थाओं की सराहना की, जिनमें बाबूलाल, प्रांत प्रचारक, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, जयपुर, गेंदालाल, सह क्षेत्र कार्यवाहक, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, राजस्थान, अमित गोयल, जिला अध्यक्ष, भाजपा जयपुर,देवी दयाल बोहरा, जिला आयकर अधिकारी, जैसलमेर सभी अतिथियों ने नेत्रकुम्भ को समाजसेवा का उत्कृष्ट उदाहरण बताया। वही रामदेवरा में बारिश के बावजूद नेत्रकुम्भ शिविर की सेवाएं लगातार जारी रहीं। रोगियों की जांच, दवा व चश्मा वितरण की व्यवस्थाएं निर्बाध रूप से संचालित होती रही।

## किसान बिजली संकट से परेशान

**रेवदर**, (निसं)। भारतीय किसान संघ के नेतृत्व में किसान बिजली आपूर्ति की अव्यवस्था के खिलाफ निर्णायक जंग के मूड में हैं।

भारतीय किसान संघ ने आज 20 अगस्त को बड़ा आंदोलन छेड़ने का ऐलान किया है। संगठन के अनुसार आज दोपहर 12 बजे जोधपुर डिस्कॉम क्षेत्र के सभी 33 केवी जीएसएस पर किसान एकजुट होंगे और ऊर्जा मंत्री के नाम ज्ञापन सौंपेंगे। अनुमान है कि करीब 2 लाख किसान शामिल होंगे जो 25०० से ज्यादा जीएसएस पर अलग-अलग प्रदर्शन करेंगे।

भारतीय किसान संघ संभाग मंत्री सुजान सिंह वडवज ने बताया कि मानसून की बेरुखी और बिजली आपूर्ति में अव्यवस्था ने किसानों की कमर तोड दी है। मूंगफली, कपास, अरंडी, ग्वार और मूंग जैसी सिंचित फसलें अब खतरे में हैं। लगातार वोल्टेज गिरने, ट्रिपिंग और ब्लॉकवार शेड्यूल ध्वस्त होने से मोटरें व ट्यूबवेल जल रहे हैं। खेतों तक पानी नहीं पहुंच पा रहा यह स्थिति लगातार चौथे साल बनी हुई है। संगठन ने प्रत्येक तहसील में आंदोलन प्रभारी नियुक्त किए हैं और किसानों को लामबंद करना शुरू कर दिया है।

वडवज ने बताया की मानसून की बेरुखी से फसलें सूखने, सिंचाई का ब्लॉकवार शेड्यूल ध्वस्त करने, वोल्टेज गिरने व ट्रिपिंग से मोटरें और ट्यूबवेल जलने से नुकसान हो रहा है। चार मुख्य मांगें तय शेड्यूल के अनुसार गुणवत्तापूर्ण बिजली आपूर्ति, वोल्टेज गिरने और ट्रिपिंग पर तुरंत रोक, जली मोटर व ट्यूबवेल का मुआवजा।, बिजली आपूर्ति प्रणाली का स्थायी समाधान की मांग रखेंगे।

## फोटोग्राफरों का सम्मान




जालोर में विश्व फोटोग्राफी दिवस पर समारोह आयोजित हुआ। फोटो-राष्ट्रदूत

**जालोर** , (कासं)। जालोर में विश्व फोटोग्राफी दिवस पर मंगलवार को फोटोग्राफर एसोसिएशन की ओर से एक निजी होटल में समारोह आयोजित हुआ जिसमें जिलेभर के फोटोग्राफर शामिल हुए। समारोह में आए फोटोग्राफरों का सम्मान कर उन्हें समाज का सच्चा इतिहासकार बताया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती की तस्वीर के समक्ष दीप प्रज्जवलन के साथ हुआ । इसके बाद अतिथियों का एसोसिएशन के संरक्षक शिवकुमार सैनी, अध्यक्ष राजेन्द्र कुमार सोलंकी, उपाध्यक्ष उजीर सिलावट, कोषाध्यक्ष बंशी लाल राव सहित अन्य ने स्वागत किया गया। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में राजस्थान सरकार के मुख्य सचेतक एवं विधायक जोगेश्वर गर्ग, आहोर विधायक छगनसिंह राजपुरोहित, पूर्व जन अभाव निराकरण समिति अध्यक्ष पुखराज पाराशर, जिला कलेक्टर डॉ. प्रदीप गवांडे, पुलिस अधीक्षक शैलेन्द्र सिंह इन्दोलिया, अधिवक्ता मधुसूदन व्यास और संगठन संरक्षक शिवकुमार सैनी उपस्थित रहो वही अतिथियों का साफा, माला ओर मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया ।

इस अवसर पर जालोर जिलेभर से पहुंचे फोटोग्राफरों को मंच पर बुलाकर साफा, माला और मोमेंटो भेंट कर सम्मानित किया गया। सम्मान पाकर फोटोग्राफरों ने इसे अपने जीवन का अविस्मरणीय पल लोगो के समक्ष साझा किये। संरक्षक शिवकुमार सैनी ने संगठन की मजबूती और फोटोग्राफरों के हक की लडाई लडने का भरोसा दिलाया। साथ ही संगठन के लिए भवन निर्माण के लिए मुख्य सचेतक के समक्ष भूमि आवंटन की मांग रखी।

जन अभाव अभियोग आयोग के पूर्व अध्यक्ष पुखराज पाराशर ने फोटोग्राफरों को समाज का आईना बताते हुए उनके योगदान को सराहाना की। वरिष्ठ अधिवक्ता मधुसूदन व्यास ने स्थानीय फोटोग्राफरों को प्राथमिकता देने और एकजुट होकर काम करने की बात कही।

मुख्य सचेतक जोगेश्वर गर्ग ने फोटोग्राफी के महत्व पर प्रकाश डालते हुए फोटोग्राफरों को हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया। उन्होने कहा कि उनके शादी के समय के फोटो आज भी पुरानी याद ताजा कर देते है वही समारोह विश्व फोटोग्राफी दिवस पर जालोर फोटोग्राफी एसोसिएशन के नए पदाधिकारियों की घोषणा की गई। जिसमें शिवकुमार सैनी को निर्विरोध जिलाध्यक्ष नियुक्त किया गया। वही बंशी लाल राव कोषाध्यक्ष पद पर नियुक्त किया गया।

समारोह में संरक्षक एम. इशाक माली, मंगल परमार, गजेन्द्र गेहलोत , रघुनंदन पारीख , दीपक जीवननी , ललित गेहलोत , मोहन माली , सीताराम वैष्णव , हुकमीचंद सहित जिलेभर से सैकड़ों फोटोग्राफर मौजूद रहे।

## पोकरण में नर्सिंग अधीक्षक के घर 50 लाख की चोरी

**पोकरण**, (निसं)। परमाणु नगरी पोकरण में चोरी की वारदातें थमने का नाम नहीं ले रही हैं। सोमवार रात जिला अस्पताल में कार्यरत नर्सिंग अधीक्षक करणीदान रत्नू का आवास चोरों का निशाना बना। फलसुंड रोड स्थित घर के पिछले हिस्से से सेंधमारी कर बदमाश करीब 30 तोला सोना, 8 लाख नकद और अन्य कीमती सामान ले गए। चोरी की कुल कीमत लगभग 50 लाख रुपये आंकी जा रही है।

वारदात की सूचना मिलते ही पूरे इलाके में हडकंप मच गया। लोगों में भय और आक्रोश का माहौल है। उल्लेखनीय है कि पिछले दो महीनों में पोकरण में एक दर्जन से अधिक चोरी की घटनाएँ हो चुकी हैं, लेकिन पुलिस अब तक किसी भी वारदात का खुलासा नहीं कर पाई है। इस समय रामदेवरा में लोकदेवता बाबा रामदेव का विश्व प्रसिद्ध मेला परवान पर है। लाखों श्रद्धालुओं की आवाजाही के बीच चोर गिरोह सक्रिय हो गए हैं और लगातार वारदातों को अंजाम दे रहे हैं। लगभग दो माह में एक दर्जन से भी अधिक बडीचोरियां, चोरों भगवान हनुमानजी के मन्दिर,पुलिस कर्मी के घर पर बडी चोरी कि वारदातें को दिया इंतजाम, शहर का ऐतिहासिक हनुमान मंदिर में चोरों ने चांदी के छत्र सहित नकदी ले गये, वहीं पुलिस उपधीक्षक कार्यालय में कार्यरत पुलिस कर्मी के घर में भी बडी चोरी कर डाका डाला,

लगातार हो रही चोरियों से लोग प्रशासन पर सवाल उठा रहे हैं। नागरिकों का कहना है कि अगर पुलिस ने जल्द ठोस कदम नहीं उठाए तो चोरों का आतंक और बढ़ सकता है।

## कंदलीवन हनुमान धाम में राधा अष्टमी की तैयारी

**पोकरण**, (निसं)। विभूषित त्रिदण्डी स्वामी परमपद संत स्वामी धनुर्धराचार्य महाराज की कृपा एवं मारुति नन्दन संकट मोचन हनुमानजी की असीम अनुकम्पा से कदलीवन धाम, श्री हनुमान मंदिर प्रांगण (सेलवी, नेशनल हाईवे 15, पोकरण जैसलमेर मार्ग) पर राधाष्टमी पर्व के पावन अवसर पर विशाल धार्मिक आयोजन होने जा रहा है। जिसकी तैयारी हो रही है।

हवन, रामचरित मानस पाठ और महारुद्राभिषेक महारथी मारुति सेवा सदन आश्रम के तत्वावधान में आयोजित इस महोत्सव में 27 से 31 अगस्त तक विभिन्न धार्मिक अनुष्ठानों का आयोजन होगा। इनमें प्रायश्चित हवन, दशविधी स्नान, वेदी स्थापन, मंत्र जाप, श्री सूक्त पाठ, अखण्ड रामचरितमानस पाठ एवं विविध देव पूजन शामिल हैं। मुख्य आयोजन 31 अगस्त, राधाष्टमी के दिन होगा। इस अवसर पर प्रातःकाल रामचरितमानस पाठ विसर्जन के बाद 56 भोग 36 व्यंजन का भोग अर्पित कर विशेष आरती की जाएगी। तत्पश्चात विद्वान ब्राह्मणों द्वारा महारुद्राभिषेक सम्पन्न कराया जाएगा। शाम 5 बजे संध्या आरती के उपरान्त 11,008 भक्तों द्वारा सामूहिक रूप से महा सुन्दरकाण्ड पाठ किया जाएगा।

आयोजन का समापन महाआरती एवं महाप्रसादी वितरण के साथ होगा। इस आयोजन के प्रेरणा स्त्रोत त्रिदण्डी स्वामी परमपद धनुर्धराचार्य महाराज, संत शिरोमणि ओम जी महाराज एवं बाल संत मारुति नन्दन जी महाराज बताए गए हैं।

आयोजन समिति ने समस्त भक्तगणों एवं परिवारों से इस धार्मिक अनुष्ठान में भाग लेकर पुण्यलाभ अर्जित करने का आहवान किया है। भक्तजनों की सुविधा हेतु जंगलिया हनुमान मंदिर, महादेव होटल के पास, जेम्स स्काउट स्कूल, भवानीपुरा, कुम्हारों की पोल और रामनाथ जी का धूणा से बस व्यवस्था की गई है।